# नई बस्ती इलाके में हटाया गया अतिक्रमण

# 6 मकान और 4 दुकानें ध्वस्त

## धार्मिक स्थल दूसरी जगह पर शिफ्ट किए गए

शनिवार को प्रशासन ने नई बस्ती इलाके में एग्जिबिशन सेंटर परिसर में व्याप्त अतिक्रमण को पूरी तरह से हटा दिया है। यहां पर मौजूद 6 मकान और चार दुकानों को जमींदोज कर दिया गया।

हरिभूमि न्यूज, सतना।





इसके अलावा दो धार्मिक स्थलों को दूसरे स्थान पर व्यवस्थित कर दिया गया है। प्रशासन का कहना है कि यह अतिक्रमण एग्जीबिशन सेंटर के विस्तार और जनसुविधाओं के निर्माण में बाधा बन रहा था। पूरी कार्रवाई शांतिपूर्ण तरीके से हुई। किसी भी प्रकार का विरोध सामने नहीं आया। कार्रवाई के दौरान एस डी एम राहुल सिलाडिया,तहसीलदार सौरभ मिश्रा,नगर निगम का अतिक्रमण विरोधी दस्ता,कोलगवां थाना पुलिस और राजस्व अमला मौके पर मौजूद रहा।

## खबर संक्षेप

### मझगवां भट्टा के पास अज्ञात वाहन ने तीन युवकों को कुचला, दर्दनाक मौत



**सतना।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के मझगवां भट्ठा के पास देर रात बाद हादसा हो गया। अज्ञात वाहन ने बाइक सवारों को ठोकर मार दी जिससे बाइक में सवार तीन युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना उस समय हुई जब जन्मदिन का केक काटकर तीनों दोस्त बाइक से चित्रकूट के हरदुआ गांव जा रहे थे। मृतकों की पहचान दीपक कुमार पटेल 20 वर्ष निवासी हरदुआ चित्रकूट,सोनू उर्फ सौरभ विश्वकर्मा 20 वर्ष निवासी उतैली बाईपास और आशु सिंह 23 वर्ष निवासी आदर्श नगर नई बस्ती बताई गई है। घटना के संबंध में सिविल लाइन पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध हिट एंड रन का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शवों का पोस्टमार्टम करवाने के पश्चात उन्हें परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।

### रेल्वे स्टेशन के प्लेटफार्म पकड़ी गई अवैध शराब



**सतना।** रेल्वे स्टेशन में प्रबंधक वाणिज्य अवध गोपाल मिश्रा द्वारा स्टेशन पर सफाई कार्य के दौर दो संदिग्ध युवकों से भारी थैला लिए हुए संदेह होने पर स्टेशन प्रबंधक वाणिज्य द्वारा संबंधित व्यक्तियों से पूछताछ की गई। तब संबंधित व्यक्तियों के पास यात्रा टिकट नहीं पाया गया। थैले के विषय में जानकारी मांगने पर अपना-अपना थैला छोड़कर भाग गए। जिसमें 48 बोतल शराब की बोतल पाई गई। जिसे अग्रिम कार्रवाई हेतु जीआरपी में जप्त कराया गया है।

### साहूकारों से बचें, बैंकिंग का उपयोग करें




**सतना।** अपने खाते को दूसरों के हवाले न करें। वित्तीय लेन-देन स्वयं करें,बच्चों को मोबाइल दें तो वित्तीय एप्प पर पासवर्ड गोपनीय रखें।साथ ही सिबिल बेहतर होगी तो बैंक लोन देंगे,साहूकारों से बचें, बैंकिंग का उपयोग करें। ये बात बीईयो तेज कुमार मिंज ने वित्तीय साक्षरता अभियान अर्थ सूत्र संवाद कार्यक्रम में ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कही। रिजर्व बैंक के निर्देशन में वित्तीय साक्षरता अभियान-अर्थ सूत्र संवाद अंतर्गत शनिवार को ग्राम पंचायत भवन,ग्राम-बाबूपुर,जनपद सोहावल में वित्तीय साक्षरता संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ब्लॉक शिक्षा अधिकारी तेज कुमार मिंज,सीनियर पुलिस अधिकारी योगेन्द्र सिंह परिहार,सरपंच रामकेश अहिरवार एवं समाजसेवी अनुराग पटनहा,बजाज फाइनेंस के एरिया मैनेजर अमित सैनी एवं पत्रकार साथी उपस्थित रहे।

### एकेएस के मैनेजमेंट शोधार्थी अंकित के जुगाड़ प्रबंधन पर प्रकाशित पुस्तक अध्याय सराहनीय

**सतना।** एकेएस विश्वविद्यालय के प्रबंधन अध्ययन संकाय के पीएचडी शोधार्थी अंकित कुमार गर्ग ने शैक्षणिक उपलब्धि हासिल करते हुए जुगाड़ प्रबंधन विषय पर तीन शोधपूर्ण अध्यायों का लेखन प्रकाशन सफलतापूर्वक किया है। यह प्रकाशन उनके शोध मार्गदर्शक डॉ.चंदन सिंह और संकाय अध्यक्ष एवं डीन डॉ.कौशिक मुखर्जी के सानिध्य में संपन्न हुआ,जिन्होंने मार्गदर्शन और प्रोत्साहन प्रदान किया।प्रकाशित अध्यायों में पहला अध्याय जुगाड़ प्रबंधन की पहचान है,जिसमें अंकित ने समझाया है कि संगठनों और सामाजिक संदर्भों में जुगाड़ आधारित नवाचार कैसे उभरते हैं और उनकी पहचान कैसे की जाती है।

# बिजली की खुली तार ने ली 14 वर्षीय बालक की जान

## अस्पताल में परिजनों ने किया हंगामा

**सतना।** जिले के बिरसिंहपुर थाना अंतर्गत वार्ड क्रमांक 01 में शनिवार की सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया,जिसमें 14 वर्षीय बाकालिका आशीं पाल पिता रामबाबू पाल की करंट लगने से मौत हो गई। यह हादसा तब हुआ जब आशीं घर का कचरा फेंकने बाहर गयी थी और अनजाने में उसका पैर जमीन पर पड़ी बिजली की खुली तार पर पड़ गया। करंट लगते ही आशीं गंभीर रूप से झुलस गई और मौके पर ही बेसुध हो गई। परिजन तुरंत उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए,जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों का आरोप है कि मोहल्ले के ही खेलावन पाल पिता ब्रजवासी पाल ने अपने बोरवेल तक बिजली पहुंचाने के लिए अवैध रूप से आम के पेड़ पर तार लटकाकर असुरक्षित कनेक्शन किया था।तेज हवा के कारण यह तार टूटकर जमीन पर गिर गई थी। उसी टूटे तार के संपर्क में आने से आशीं की मौत हुई है। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। शव के अस्पताल पहुंचते ही गुस्साए परिजनों ने जमकर हंगामा किया और बिजली की लापरवाही को लेकर आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।परिजनों ने पोस्टमार्टम और पंचनामा की कार्यवाही से भी इनकार कर दिया। उनका कहना है कि जब तक आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया जाता और उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई नहीं होती,वे शव को पोस्टमार्टम के लिए नहीं देंगे। घटना की सूचना पर बिरसिंहपुर पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों को समझाइश देकर आंदोलन समाप्त कराया। पुलिस द्वारा पंचनामा व पोस्टमार्टम की कार्रवाई के लिए समझाया गया पहले परिजन फिलहाल किसी भी प्रक्रिया के लिए तैयार नहीं थे। लेकिन बाद में ठोस कार्रवाई का आश्वासन मिलने के बाद वह मान गए। पुलिस ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है और लापरवाही के आरोपों की जांच के बाद विधिसंगत कार्रवाई की बात कही है।

# बारिश से तापमान में गिरावट लेकिन उमस बरकरार

हरिभूमि न्यूज, सतना।

शनिवार को आसमान में छाए बादलों ने रुक रुक कर बारिश की। इससे तापमान में गिरावट आई है।आसमान में बादल छाए हुए हैं लेकिन उमस अभी भी बरकरार है। हवा में नमी का स्तर अधिक है,जिससे उमस महसूस हो रही है। हवा की गति सामान्य है। हालांकि,शनिवार को दिन में कुछ इलाकों में बारिश दर्ज की गई है। मौसम विभाग के अनुसार,अगले 24 घंटों में सतना और आस पास के इलाकों में हल्की मध्यम बारिश होने की संभावना है। बंगाल की खाड़ी से आ रही नम हवाएं और स्थानीय मौसमी प्रणालियों के कारण बारिश की गतिविधियों में वृद्धि होने के आसार हैं। कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ तेज बौछारें भी पड़ सकती हैं।शनिवार शाम तक अधिकतम 30.7 और न्यूनतम तापमान 24.2 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया है। बारिश की संभावना को देखते हुए,अगले 24 घंटों में अधिकतम तापमान में 1-2 डिग्री सेल्सियस की और गिरावट आ सकती है। हवा में आर्द्रता का स्तर 70-85 फीसदी के बीच बना रहेगा,जिससे उमस महसूस होती रहेगी।

### हवा की दिशा और गति

हवाएं मुख्य रूप से दक्षिण-पूर्वी दिशा से चलेंगी और इनकी गति लगभग 10-15 किलोमीटर प्रति घंटा रह सकती है। बारिश के दौरान हवा की गति में थोड़ी बढ़ोतरी हो सकती है।

### किसानों के लिए सलाह

इस दौरान किसानों को सलाह दी जाती है कि वे अपनी फसलों की निगरानी करें और जल निकासी की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करें,ताकि खेतों में पानी जमा न हो। कटाई के लिए तैयार फसलों को सुरक्षित स्थानों पर रखने का प्रयास करें।

### सामान्य जनजीवन पर प्रभाव

बारिश के कारण सड़कों पर फिसलन हो सकती है,इसलिए वाहन चालकों को सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है। निचले इलाकों में जलभराव की समस्या उत्पन्न हो सकती है।बिजली चमकने और बादलों की गरज के दौरान खुले स्थानों पर न रहें।कुल मिलाकर अगले 24घंटों में मॉनसून की सक्रियता बढ़ने की उम्मीद है,जिससे लोगों को गर्मी और उमस से थोड़ी राहत मिल सकती है।

### अब तक 199.3 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

जिले में इस वर्ष 1 जून से 5 जुलाई तक 199.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख सतना से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले की सतना (रघुराजनगर) तहसील में 346.6 मि.मी., सोहावल (रघुराजनगर) में 123 मि.मी., बरौंधा (मझगवां) में 187.9 मि.मी, बिरसिंहपुर में 89 मि.मी., रामपुर बाघेलान में 137 मि.मी.,नागौद में 330 मि.मी.,जसो (नागौद) में 72.2 मि.मी. एवं उचेहरा में 308.5 मि.मी.औसत वर्षा अब तक दर्ज की जा चुकी है। जिले की औसत सामान्य वर्षा 891.7 मि.मी. है। विगत वर्ष इस अवधि तक जिले में औसत वर्षा 124.9 मि.मी. वर्षा दर्ज की जा चुकी थी।

# डॉ. मनीष कुमार को एम्प्लॉयर ब्रांडिंग एवं कॉरपोरेट वर्किंग विषय पर पीएचडी उपाधि

हरिभूमि न्यूज, सतना।



शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देते हुए मनीष कुमार सिन्हा को "मैनेजमेंट में एम्प्लॉयर ब्रांडिंग एवं कॉरपोरेट वर्किंग और उसके प्रभाव" विषय पर शोध हेतु प्रतिष्ठित पीएचडी की उपाधि से सम्मानित किया गया है। यह उपाधि उन्हें वर्ष 2025 में एकेएस विश्वविद्यालय,सतना द्वारा प्रदान की गई। डॉ.सिन्हा ने बताया कि इस शोध कार्य की प्रेरणा उन्हें उनके माता-पिता से मिली। उन्होंने भावुक होते हुए कहा,मेरे पिताजी का सपना था कि उनका बेटा एक दिन डॉक्टर बने और आज उनका वह सपना साकार हुआ। इस उपलब्धि ने न केवल मेरे परिवार को गर्वित किया,बल्कि यह सिद्ध किया कि सीखने की कोई उम्र नहीं होती।उनकी पारिवारिक पृष्ठभूमि भी शिक्षा से ओतप्रोत रही है। उनकी पुत्री एमबीबीएस के पश्चात गायनोकोलॉजी में एमडी कर रही हैं,जबकि उनका पुत्र एमबीबीएस की शिक्षा प्राप्त कर रहा है। डॉक्टर मनीष कुमार सिन्हा वर्तमान में सीनियर वाइस प्रेसिडेंट एचआरएम एंड कॉरपोरेट अफेयर्स बतौर प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड मनकहरी सतना में कार्यरत हैं। डॉ.मनीष सिन्हा की शैक्षणिक यात्रा अत्यंत प्रेरणादायक रही है। उन्होंने वर्ष 1993 में इंडियन स्कूल ऑफ माइंस,धनबाद से एमएससी (टेक) इन एप्लाइड जियोफिज़िक्स,1995 में आईआईटी खड़गपुर से एमटेक इन ह्यूमन रिसोर्स डेवलपमेंट एंड मैनेजमेंट, 2018 में मुंबई विश्वविद्यालय से एलएलबी,और वहीं से एलएलएम (बिज़नेस लॉ) की शिक्षा प्राप्त की। उन्होंने 2009 में बीआईटी मिश्रा इंस्टीट्यूट,रांची से पीएचडी की शुरुआत की थी,परंतु पारिवारिक एवं पेशागत जिम्मेदारियों के कारण यह कार्य अधूरा रह गया। वर्ष 2019 में उन्होंने एकेएस विश्वविद्यालय में पुनः नामांकन कराया। कोविड-19 महामारी के बावजूद उन्होंने अपने संकल्प और निरंतर प्रयास से यह शोध कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण किया। यह शोध प्रो. डॉ.कौशिक मुखर्जी के निर्देशन में संपन्न हुआ।डॉ.सिन्हा ने विषयवस्तु का गहन विश्लेषण,डेटा संग्रह, निष्कर्ष निर्माण तथा दो शोध पत्रों का प्रकाशन स्वयं किया। यह शोध यूजीसी की समस्त दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए तैयार किया गया है,जो प्रबंधन के छात्रों और शोधकर्ताओं के लिए एक मार्गदर्शक दस्तावेज सिद्ध होगा। इस अवसर पर एकेएस विश्वविद्यालय की कुलपति बी.ए.चौपड़े ने डॉ.सिन्हा को बधाई देते हुए कहा,उनका शोध कार्य गहन,प्रासंगिक और शिक्षा जगत के लिए एक नई दिशा देने वाला है। विश्वविद्यालय के चेयरमैन अनंत कुमार सोनी ने इस उपलब्धि को संस्थान की गौरवशाली उपलब्धियों में एक नया अध्याय बताया। उन्होंने कहा,डॉ.सिन्हा का संकल्प और प्रतिबद्धता उन सभी शिक्षार्थियों के लिए एक प्रेरणा है,जो जीवन नहीं छोड़ते। इस उपलब्धि पर डॉ.हर्षवर्धन श्रीवास्तव, प्रो.जी.सी.मिश्रा,प्रो.शेखर मिश्रा,प्रो.नीरज वर्मा सहित उनके अनेक ईष्ट मित्रों ने भी बधाई देते हुए प्रसन्नता व्यक्त की।

# अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन

सतना।

अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस के अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता सप्ताह के होने वाले कार्यक्रम की श्रंखला में बुधवार को सहकार भवन में सहकारिता के प्रचार-प्रसार,रोगिनार संगोष्ठी का आयोजन सहकारिता विभाग एवं जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भू-गर्भ वैज्ञानिक डॉ.प्रभाशंकर मिश्र की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में भू-गर्भ वैज्ञानिक डॉ.प्रभाशंकर मिश्र ने कहा कि आज के शुभ अवसर में किसान क्रेडिट कार्ड प्राप्त कर गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। साथ ही उपस्थित सदस्यों एवं महानुभावों से यह अपेक्षा करता हूं कि समिति को सशक्त बनाने में अपनी भूमिका का निर्वहन करेंगे। संगोष्ठी में पूर्व प्राचार्य शशिकान्त चतुर्वेदी द्वारा वर्तमान परिपेक्ष्य में सहकारी समितियों में नियम अधिनियम,समिति के बॉयलाज एवं होने वाली आमसभा एवं संचालक मंडल को रेखांकित करते हुए समितियों को सशक्त बनाये जाने के संबंध में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उपायुक्त सहकारिता प्रभाकरण प्रकाश ने बताया कि वर्तमान समय में सहकारिता की प्रासंगिकता एवं समितियों के सहकार से समृद्धि अंतर्गत समितियों के माध्यम से किये जाने वाले कार्यों जैसे-जन औषधिकेन्द्र,एलपीजी गैस वितरण,व्यवसाय,भण्डारण गोदामीकरण आदि के बारे में जानकारी दी गई।




# जन्मदिन पर भंडारा और पौधारोपण



सतना। श्री रावतपुरा सरकार आश्रम,चित्रकूट जिला सतना के विशाल प्रांगण में परमपूज्य श्री रवि शंकर महाराज श्री (श्री रावतपुरा सरकार) के प्रकट्य महोत्सव के उपलक्ष्य में परमपूज्य सदगुरु देव जी के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में विशाल भण्डारें का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 1000 भक्त व श्रृद्धालुजनों ने प्रसाद ग्रहण किया। तथा परमपूज्य महाराज श्री के जन्मोत्सव में गरीबों को कपड़े व कई कुण्टल फल आदि वितरित किए गए। जन्म दिवस के उपलक्ष्य में वृहद वृक्षारोपण का कार्यकम किया गया जिसमें 101 वृक्ष लगाये गये। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट,जबलपुर के जज रत्नेश चन्द्र सिंह बिसेन द्वारा वृक्षारोपाण का कार्यक्रम किया गया व आज ही अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय,रीवा से आयी निरीक्षण समिति प्रो.सुनील तिवारी,प्रो.शिवेश सिंही व प्रो.ए.एन.शर्मा द्वारा भी वृक्षारोपण किया गया। शायं सुन्दरकाण्ड का पाठ सभी भक्तों एवं संस्थान के कर्मचारी व छात्रगणों द्वारा करने के उपरान्त,जन्म दिवस का कार्यक्रम मनाया गया विभिन्न कार्यक्रम हुए। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्थान के निदेशक रामपाल कौरव के निर्देशन में सभी कर्मचारियों व भक्तों का सहयोग रहा।

# आज मनाया जाएगा मातमी पर्व मोहर्रम, व्यापक पैमाने पर तैयारी

सतना।

इस्लाम धर्म के महत्वपूर्ण और मातमी पर्व मोहर्रम की तैयारियां अपने अंतिम चरण में हैं। पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के नवासे इमाम हुसैन की कर्बला में शहादत की याद में मनाया जाने वाला यह गम का पर्व रविवार को शहर भर में पूरी अकीदत और गमगीन माहौल में मनाया जाएगा। शहर की विभिन्न मस्जिदों और इमामबाड़ों में विशेष मजलिसों का आयोजन किया जा रहा है,जहां इमाम हुसैन की शहादत को याद कर उनकी कुर्बानी का जिक्र किया जाएगा। ताजिए बनाने का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है और उन्हें अंतिम रूप दिया जा रहा है। मोहर्रम जुलूस को लेकर प्रशासन ने भी व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए हैं। जुलूस मार्गों पर पुलिस बल की तैनाती के साथ-साथ शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। मुस्लिम समुदाय के लोग इस पवित्र और शोकपूर्ण अवसर पर इमाम हुसैन की शिक्षाओं को याद करते हुए शांति और भाईचारे का संदेश देंगे।



पुलिस ने किया पैदल मार्च पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल निर्देशन अनुसार त्योहारों के मुद्देनजर पुलिस ने पैदल मार्च किया। मैहर सीएसपी महेंद्र सिंह मैहर टी आई अनिमेष द्विवेदी के नेतृत्व में किला चौक मदर छला रहीम चौराहा रंगलाल चौराहा शारदा टॉकीज घंटाघर होते हुए पूरे शहर में पैदल मार्च किया। मैहर पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल निर्देशन अनुसार आगामी त्योहारों के मुद्दे नजर मैहर पुलिस ने किया पैदल मार्च मैहर सीएसपी महेंद्र सिंह मैहर टी आई अनिमेष द्विवेदी के नेतृत्व में किला चौक मदर छला रहीम चौराहा रंगलाल चौराहा शारदा टॉकीज घंटाघर होते हुए पूरे शहर में पैदल मार्च किया।इसी प्रकार सभापुर थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने व किसी स्थिति से निपटने नगर वार्ड क्रमांक 5,9,15 व नगर के मुख्य बाजार व भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों से पैदल मार्च किया गया। इस दौरान सभापुर थाना प्रभारी निरीक्षक शंखधर द्विवेदी,मझगवां थाना प्रभारी आदित्य नारायण धुर्वे,धारकुंडी थाना प्रभारी शैलेन्द्र सिंह पटेल व जैतवारा,धारकुंडी,मझगवां थाना बल सहित सुपर थर्टी की टीम ने बिरसिंहपुर नगर भ्रमण किया। इसके अलावा आगामी त्योहार मोहर्रम को देखते हुए नागौद शहर में टीआई अशोक पांडे के नेतृत्व सिंहपुर चौराहा बस स्टैंड गांधी चौक में गया फ्लैग मार्च किया गया।

# केन नदी उफान पर, पुल के ऊपर से बह रहा पानी, कई गांव का संपर्क टूटा







**पन्ना।** भारी बारिश से केन नदी उफान पर, पुल के ऊपर से बह रहा पानी, कई गांव का संपर्क जिले के शाहनगर में शुक्रवार सुबह से जारी तेज बारिश ने शाहनगर और आसपास के इलाकों में हालात बिगाड़ दिए हैं। सुबह करीब 4 बजे से लगातार हो रही बारिश के कारण नदी-नाले उफान पर हैं। सबसे अधिक खतरा केन नदी में बढ़ते जलस्तर को लेकर बना हुआ है। इस नदी से जूडी सहायक नदियां पतने नदी ,बघने नदी, अलौनी नदी, उमेही नदी, तुल्ला नाला बौरी नाला दगनहाई नाला का जलस्तर अचानक इतना बढ़ गया कि पुल पूरी तरह डूब गया, जिससे शाहनगर और बोरी-रैपुरा के बीच सड़क संपर्क पूरी तरह से टूट गया है। लोग आवश्यक कार्यों के लिए भी आवाजाही नहीं कर पा रहे हैं।सुबह से स्कूल आये बच्चे भी घर नही पहूंच पाये और जो शिक्षक स्कूल गये थे वह टिकरिया से 18किलोमीटर सः देर रात तक घर पहूंचे ग्रामीणों ने बताया कि पुल डूबने के कारण राहगीरों को नदी पार करना जान जोखिम में डालने जैसा हो गया है। प्रशासन ने लोगों को नदी-नालों के किनारे न जाने की सख्त हिदायत दी है। इसके बाद भी लोग नदी पार करते नजर आये

## यहा भी संपर्क टूटा -

शाहनगर से अलौनी नदी मे बाढ आने से मैहर - सतना मार्ग जो पन्ना और सतना की सीमा रेखा के बीच बसे हुये है जो शाहनगर लोक सेवा केन्द्र अधार कार्ड अपडेट कराने आये थे शाहनगर में रूके हुये है। बोरी नाला आने से बिसानी से सलेहा मार्ग - सुखलाल चंधरी ने बताया की बोरी नाला में बाढ आने से शाहपुर कलॉ, सतधारा, रामपुर कठई सहित सलेहा मार्ग पर पडने वाले गांव का संपर्क टूट गया है। जिससे ताला देवरा जूरसिंहा धौवापुरा भी प्रभावित हुये

## भरवारा अतरहाई सहित रीठी रोड प्रभावित हुआ-

इधर, शाहनगर के कई मोहल्लों में गलियों में पानी भर गया है। नालियों का पानी सड़कों पर आ गया है, जिससे लोगों को घरों से निकलना मुश्किल हो गया है। बाजारों में सन्नाटा पसरा हुआ है और लोग घरों में कैद होकर रह गए हैं। वहीं, अधिकारियों ने हालात पर नजरस बनाए रखी है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में और भारी बारिश की संभावना जताई है। इसे देखते हुए प्रशासन ने बाढ़ संभावित इलाकों में अलर्ट जारी कर दिया है और राहत टीमों को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं।

## यहां रोड पर गिरी बेसुध महिला की मदद-

शाहनगर जनपद के अतरहाई से रीठी पर महिला संन्जो बाई लोधी पति नूमचंन्द लोधी 26वर्ष निवासी कनकी जो जो तेज बारिश के दौरान बेसुध होकर अतरहाई पंचायत के छपना तलाब के पास मैन रोड पर बेसुध पडी थी जिसको तत्काल अतरहाई सरपंच खुशीराम पटेल एवं पंचायत सचीव लखन लाल चौधरी और ग्रामीण मौके पर पहूचे और पंचायत लाकर इलाज कराया

## इनका कहना है -

बताया की जहां पानी भर गया था, वहां से पानी निकलवाया जा रहा है। साथ ही संभावित संकट वाले क्षेत्रों में पुलिस बल, पटवारी और कोटवारों की ड्यूटी लगाई गई है। और आम जनमानस से अपील है की पानी के मौसम मे जहा भी तेज पानी के बहाव हो वहां से न निकले और रात में टार्च लेकर ही निकले।

**श्रुति अग्रवाल**
**शाहनगर एसडीएम**

# नाले का मार्ग अवरूद्ध होने से गरीबों के घर पानी में डूबे



**नाले से अतिक्रमण हटाने और सिरस्वाहा बांध में जलभराव नियंत्रित रखने के लिए ग्रामीणों की प्रशासन से गुहार**



**पन्ना।** पन्ना जिले की ग्राम पंचायत इटवां खास के अंतर्गत आने वाले जयपाल कालोनी मड़ईयन और गोड़नटोला में 5 जुलाई को दोपहर में हुई भारी बारिश से गरीबों के घर पानी में डूब गए। जिससे ग्रामीणों को भारी नुक़सान और परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है, नाले के रास्ते को कुछ लोगों द्वारा पत्थरों की बाड़ खकरी लगाकर अवरूद्ध किया गया है। जिससे पानी निकलने का मार्ग अवरूद्ध होने से, उनके घरों में पानी भर गया है। विदित है बरसाती नालों में अतिक्रमण से अचानक हुई भारी बारिश का पानी आसानी से नहीं निकल पाता है। जिससे इस तरह की घरों में जल भराव की स्थिति देखने को मिलती है। इसको लेकर घरों में अचानक हो रहे जल भराव से ग्रामीणों में डर की स्थिति बनी हुई है। वहीं ग्रामीणों ने समस्या से निपटने और भविष्य में किसी भी अनहोनी से बचने के लिए अतिशीघ्र अवरूद्ध किए गए नाले के रास्ते को खुलवाने व अन्य अतिक्रमण भी हटाने और सिरस्वाहा बांध में जलभराव को नियंत्रित रखने की प्रशासन से गुहार लगाई है।

# देवेंद्र नगर बिरवाही रोड रेलवे ब्रिज के नीचे पानी भरा होने से राहगीरों को आवागमन में हो रही परेशानियां



देवेंद्रनगर। बिरवाही रोड रेलवे ब्रिज के नीचे पानी की निकासी न होने से पानी का अत्यधिक भरा हुआ है जिससे वहां से निकलने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है प्राप्त जानकारी के अनुसार यह रोड अत्यधिक चलती है इसमें लगभग 20 से 25 गांव के लोग निकालते हैं डेली और यह मार्ग ककरहटी में जुड़ती है वही रेलवे विभाग के कर्मचारियों की मनमानी के द्वारा पानी निकासी की व्यवस्था न करने के कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है उस मार्ग से डेली निकलने वाले राम भुवन पटेल ने वर्तमान विधायक पूर्व विधायक एसडीम एवं तहसीलदार के ऊपर आरोप लगाते हुए बताया कि इस मार्ग से अभी तीन दिन पहले जब पानी अत्यधिक भरा हुआ था इसी मार्ग से निकले थे लेकिन उनका क्या उनकी बड़ी-बड़ी गाड़ियां रहती हैं तो उन्हें कोई दिक्कत नहीं ना इस समस्या से कोई लेना देना है और आसपास ग्रामीण क्षेत्र के लोग निकालते हैं स्कूली बच्चे भी जाते जिसमें आए दिन गिर जाते वही एक बाइक चालक भी गिरा है जिसे लोगों ने पकड़ा उसकी बाइक भी खराब हो गई है वहीं एक बच्चा साइकिल से जा रहा था वह भी गिर गया ऐसे कई लोग गिरते हैं वहीं स्कूली बच्चे भी कई बार गिर जाते हैं तो उनकी ड्रेस खराब हो जाती है और उन्हें वापस स्कूल ना जाकर घर जाना पड़ता है ऐसे कई लोग आए दिन करते हैं लेकिन प्रशासन कोई भी ध्यान नहीं दे रहा है वहीं स्थानीय लोगों बा राहगीरों ने पन्ना कलेक्टर से मांग की है कि पानी निकासी की व्यवस्था जल्द से जल्द कराई जाए ताकि आने-जाने में कोई आसुविधा ना हो।

# बिलखुरा बांध की नहर टूटने से गांव एवं घरों में भरा पानी



**पन्ना।** तहसील अंतर्गत बिलखुरा बांध की नहर टूटने से बिलखुरा और ठाकुरनपुरा गांव में पानी भर गया है। घरों के अंदर पानी घुसने से ग्रामीण परेशान हैं, दोनों गांव टापू में तब्दील हो गए हैं। ग्रामीणों के अनुसार बरसात में पहाड़ का पानी बांध में पहुंचता है और बांध का पानी नहर में पहुंचता है नहर क्षतिग्रस्त होने से यह पानी गांव में भर गया है। इसके अलावा पहाड़ का पानी बांध तक पहचाने के लिए डबल पाइप की पुलिया की आवश्यकता बताई गई थी लेकिन सिंगल पाइप की पुलिया बनाने से आधा पानी बांध में और आधा गांव में भर रहा है। जिससे दो ग्रामों के लोगों का जन जीवन अस्त व्यस्त है। गांव के लोगों ने इस समस्या का वीडियो जारी कर शीघ्र निराकरण की मांग उठाई है। अब देखना यह होगा की जिम्मेदार अधिकारियों के द्वारा दो ग्रामों के लोगों की इस बडी समस्या का तब तक समाधान किया जाता है।

## खबर संक्षेप

### पुलिस थाना अमानगंज में हुआ वृक्षारोपण

**अमानगंज।** पन्ना जिले के अमानगंज पुलिस थाना मुख्यालय अमानगंज में हरियाली महोत्सव के विशेष मौके पर आज वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय थाना प्रभारी माधवी अग्निहोत्री द्वारा अपने सहयोगी स्टाफ के साथ किया गया। इसके पहले स्वच्छता अभियान के अंतर्गत पुलिस थाना परिसर में समुचित सफाई कराए जाने के निर्देश देने के साथ ही स्वयं भी इस अभियान में सहयोग किया और पुलिस थाना परिसर में कई सुंदर और आकर्षक वृक्षों का रोपण किया गया और कहा इससे हमारी जिंदगी आगे सुरक्षित रहेगी। सभी से यह अपील है कि इस अभियान में सहयोग करें और एक पेड़ मां के नाम अवश्य लगाएं।

### मां अन्नपूर्णा माहेश्वरी देवी जी स्थल सिद्ध पुरी में विश्व हिन्दू परिषद् मातृशक्ति बहनों ने किया वृक्षारोपण



**पन्ना।** मां अन्नपूर्णा माहेश्वरी देवी जी स्थल सिद्धपुरी बाईपास मुख्य डाक घर एलआइसी पन्ना में दिनांक 4 जुलाई 2025 दिन शुक्रवार शाम 5 बजे विश्व हिन्दू परिषद् मातृशक्ति बहनों बेटियों द्वारा सर्वप्रथम मां अन्नपूर्णा माहेश्वरी देवी जी के दर्शन कर माथा टेका और प्रसाद चढ़ाकर मां का आर्शीवाद कृपा प्राप्त कर एक वृक्ष मां के नाम लगाया और पर्यावरण संरक्षण का सन्देश समाज को दिया और बताया कि आज हमे शुद्ध वातावरण जल वायु के लिए हर किसी को एक वृक्ष लगाना चाहिए और सच्ची सेवा भाव कर्त्तव्य निष्ठा से करना चाहिए क्योंकि वृक्ष है जल है जल है तो कल है वृक्षारोपण पुनीत कार्य में विश्व हिन्दू परिषद् मातृशक्ति प्रान्त सतसंग प्रमुख मालती रैकवार मातृशक्ति जिला सयोजिका लक्ष्मी सिंह सिंगरौल सह संयोजिका माया रैकवार रजनी सेन श्रद्धा सेन शक्ति रूपा त्यागी संगीता महिमा आरती मित्यासी समिधा कु अराधना त्यागी सेवानन्द शिव कुमार त्यागी आदि ने हर्षोल्लास के साथ व्रक्षारोपण पुनीत कार्य किया शेष शुभ जय हिन्द जय भारत वंदेमातरम राष्ट्र प्रेम धर्म सर्वोपरि मां सेवक त्यागी फूल सिंह भारती पन्ना अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत जिला सचिव सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे।

### पन्ना के सिविल न्यायालय में कार्यरत महिला कर्मचारी ने खाया जहर



**पन्ना।** पन्ना जिले के अजयगढ़ थाना क्षेत्र से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां सिविल न्यायालय में पदस्थ महिला कर्मचारी ने जहरीला पदार्थ खा लिया। जानकारी के मुताबिक, महिला का नाम प्रियंका रैकवार था, जो न्यायालय में चपरासी के पद पर कार्यरत थीं. महिला कर्मचारी की इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना तीन दिन पूर्व की बताई जा रही है, जब प्रियंका ने अज्ञात कारणों से जहर खा लिया था. परिजनों ने तत्काल उपचार के लिए उसे जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां से प्राथमिक इलाज के बाद स्थिति को देखते हुए उसे रीवा मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया, लेकिन तीन दिन के इलाज के बावजूद प्रियंका की जान नहीं बच सकी और उसकी मौत हो गई. परिजनों पर दुख का पहाड़ टूट पड़ा. परिजनों का कहना है कि महिला कह रही थी कि लगता है कि नौकरी छोड़ दे और कुछ देर बाद उसने जहर खा लिया।

# बृहस्पति कुंड का निरिक्षण करने पहुंची संयुक्त टीम

### पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम निरीक्षण के लिए बृहस्पति कुंड पहुंची



**पन्ना।** बीते दिनों हुई घटना को ध्यान में रखते हुए पन्ना कलेक्टर सुरेश कुमार ने पन्ना के विभिन्न पर्यटक स्थलों में जहां धारा 163 लागू की गई है, वहीं आज अधिकारी-कर्मचारियों को बृहस्पति कुंड स्थल के दुर्घटना संभावित स्थलों की विधिवत जांच कर, चिंहित स्थलों पर बेरिकेट लगाने के साथ आम नागरिकों को जागरूक करने हेतु, विभिन्न स्थानों पर बोर्ड, संकेतक चिन्ह लगाने के संबंध में मौका स्थल पर स्थिति अनुसार संयुक्त टीम द्वारा विचार-विमर्श किया गया। पन्ना कलेक्टर सुरेश कुमार का कहना है कि सुरक्षित रूप से पर्यटक स्थलों पर लोग पहुंचे, किसी प्रकार की कोई हानि न हो, ऐसे समुचित प्रबंध, जो सुरक्षा की दृष्टि से आवश्यक हों, उनके संबंध में निर्देश जारी किए गए हैं। संजय नागवंशी का कहना है कि कलेक्टर साहब के आदेश अनुसार राजस्व और पुलिस विभाग की टीम संयुक्त रूप से निरीक्षण कर ऐसे समस्त स्थानों को चिह्नित करेगी जो छोटे-छोटे रास्ते कुंड तक पहुंचते हैं, यथोचित प्रबंध के साथ बोर्ड, बेरिकेट, आदि जो भी सुरक्षा की दृष्टि से आवश्यक है उपयोग किए जाएंगे।

# बरसात में भूख व बीमारी से हो रही गोवंश की मौत के विरोध में बजरंग दल ने सौंपा ज्ञापन



**पन्ना।** बजरंग दल के द्वारा जिला संयोजक सिद्धार्थ शर्मा के नेतृत्व में 5 जुलाई 2025 को दोपहर लगभग 3 बजे पन्ना कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंप कर बरसात में भूख और बीमारी से हो रही गोवंश की मौत पर नाराजगी जताते हुए कार्रवाई की मांग उठाई गई। ज्ञापन के माध्यम से बताया गया है कि नगर पालिका पन्ना द्वारा भरी बरसात में हजारों गायों को बिन भोजन पानी के खुले में कांजी हाउस और गौशाला में क्रूरता पूर्वक रखा गया है। जहां ऊपर से बारिश और नीचे से कीचड़ की वजह से गोवंश बीमार होकर में मौत मार रहा है। कांजी हाउस व गौशाला में रखे जाने वाले गोवंश एवं कितने गोवंश की मौत हुई इसका कोई लेखा-जोखा नहीं रखा जा रहा है। गोवंश की मौत एवं शासन द्वारा गौसदन के लिए प्रादन की जाने वाली राशि के खर्च का हिसाब सर्वजनिक करने एवं भोजन व छाया की जाँच करते हुए उचित कार्यवाही एवं व्यवस्था की मांग की गई है। दो दिनों के अन्दर कार्यवाही एवं व्यवस्था नहीं होने पर धरना प्रदर्शन चक्का जाम एवं उग्र आंदोलन की चेतावनी दी गई है। गोवंश की समस्या से संबंधित वीडियो भी अधिकारियों को दिखाए गए हैं। ज्ञापन के दौरान बजरंग दल जिला संयोजक सिद्धार्थ शर्मा, विश्व हिन्दू परिषद सह मंत्री अभिराज सिंह बुंदेला, विश्व हिन्दू परिषद जिला उपाध्यक्ष दिनेश दुबे, बजरंग दल नगर सह संयोजक गोपाल चनपुरिया, अक्षय त्रिपाठी, सतीश बर्मन, आकाश चौरसिया, शिवांक शर्मा, नीरज जाटव, सूरज यादव, नमन त्रिपाठी, ऋषि तिवारी, अंकित रजक, संजू खटीक सहित काफी संख्या में विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकर्ता शामिल रहे।

## हाईवे सड़क निर्माण हेतु सिमरिया चौक का हटाया गया अतिग्रकमण, कलेक्टर ने किया निरीक्षण

**पन्ना।** सिमरिया से हटा रोड का निर्माण कार्य प्रारंभ हो चुका है आज सिमरिया में पन्ना कलेक्टर एसडीएम तहसीलदार एमपी आरडीसी के जनरल मैनेजर के द्वारा सिमरिया के अतिक्रमण का निरीक्षण किया गया दुकानों का निरीक्षण किया गया गौरतलब है पहले सिमरिया की दुकानदारों को सभी को सरकारी जगह खाली करने के नोटिस दे दिए गए हैं आज पन्ना कलेक्टर ने कहा सिमरिया से हटा की रोड की चौड़ाई अच्छी होगी दोनों तरफ नाली होगी आगे आगे रोड का कार्य चलेगा और जितना भी अतिक्रमण है उसे हटाया जाएगा हकीकत यह है कि सिमरिया की दुकानदार नहीं चाहते हैं की दुकानों को तोड़ा जाए पिछले 50 साल से सिमरिया में बाजार है अब यह देखना दिलचस्प होगा की रोड के निर्माण में शासन प्रशासन की क्या कार्रवाई होती है जिसे जल्द से जल्द एक अच्छे भव्य रोड का निर्माण हो सके।



# पन्ना टाइगर रिजर्व की चौकी में रिटायर डिप्टी रेंजर का कब्जा

### पन्ना टाईगर रिजर्व के क्षेत्र संचालक से हुई शिकायत कार्यवाई का इंतजार

**पन्ना।** पन्ना टाइगर रिजर्व की चौकी में रिटायर डिप्टी रेंजर के द्वारा कब्जा किए जाने का मामला सामने आया है। आवेदक बिहारी लाल गर्ग ने बताया है कि स्टेट हाइवे पन्ना-कटनी रोड मुख्य मार्ग पर ग्राम द्वारी में शासकीय आराजी नं. 753 रकवा 0.15 हे0 जो आबादी मद में दर्ज है जिसके जुज भाग में 1200 वर्गफुट पर वन चौकी बनी थी जो पहले दक्षिण वन मण्डल में थी लेकिन अब पन्ना टाइगर रिजर्व में शामिल होकर यह चौकी जसवंतपुरा तमगढ़ चली गई है। ग्राम द्वारी स्थित वन चौकी खाली खण्डहर पड़ी रहने के कारण आवेदक बिहारी लाल गर्ग पिता भैयालाल गर्ग अपने मवेशी बांधने व कंडा, भूसा रखने लगे थे। लगभग 12 वर्ष बाद 13 मार्च 2022 को वन क्षेत्रपाल वन क्षेत्राधिकारी अमानगंज में पदस्थ गौरव नामदेव और रामचन्द्र गौतम तत्कालीन डिप्टी रेंजर तमगढ़ स्टाफ सहित आये व आवेदक से बोले कि यहां फिर से चौकी बनना है इसे खाली करो। तो आवेदक ने अपने मवेशी व कंडा भूसा हटा लिया और वन चौकी को खाली कर दिया जिस पर मौके पर एक पंचनामा लेख किया गया था। वन चौकी खाली कराने के बाद वहां रामचन्द्र गौतम डिप्टी रेंजर द्वारा दीवार बनाकर टीन शेड लगा कर कब्जा कर लिया। आज से लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व डिप्टी रेंजर रामचंद्र गौतम रिटायर हो चुके हैं, और वन चौकी में कब्जा कर पट्टा बनवाने की फिराक में हैं। आवेदक बिहारी लाल गर्ग ने बताया कि पूर्व डिप्टी रेंजर द्वारा रेंजर एवं वन विभाग के स्टाफ की मदद से साजिश के तहत वन चौकी की भूमि मुझसे खाली करवा कर अपने कब्जे में ली गई है, मौके पर पंचनामा भी बनाया गमा था जिसकी प्रति सुरक्षित है। आवेदक के द्वारा पन्ना टाइगर रिजर्व कार्यालय में आवेदन सौंप कर मांग उठाई गई है कि चौकी से शीघ्र अवैध कब्जा हटवा कर पुनः वन चौकी या कोई भी शासकीय निर्माण करवाया जाये जो ग्राम वासियों के हित में हो। या फिर उक्त जमीन आवेदक को दी जाए।



# पास्को एक्ट के तहत मामला दर्ज, आरोपी पुजारी को पुलिस ने पकड़ा

# आश्रम के पुजारी ने नाबालिग बच्चियों के साथ की घिनौनी हरकत

गढ़ीमलहरा थाना क्षेत्र के एक गांव में आश्रम के पुजारी पर प्रसाद देने के बहाने दो नाबालिग बच्चियों के साथ घिनौनी हरकत किए जाने के गंभीर आरोप लगे हैं। यह भी आरोप है कि पुजारी ने एक बच्ची के गुप्तांग में दातों से बुरी तरह काटा है।

हरिभूमि न्यूज, छतरपुर।



पीड़ित बच्चियों के परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने उक्त घिनौना कृत्य करने वाले पुजारी को हिरासत में लेकर उसके विरुद्ध पास्को एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। रात के वक्त ही पुलिस ने बच्चियों को मेडिकल जांच के लिए जिला अस्पताल भेजा था लेकिन संवेदनशील मामले में भी स्वास्थ्य विभाग ने लापरवाही दिखाते हुए करीब 12 घंटे बाद पीड़ित बच्चियों की जांच की।

पीड़ित बच्चियों के परिजनों के मुताबिक शुक्रवार की दोपहर में 5 और 6 साल की दोनों चचेरी बहनें गांव में मौजूद अपने एक घर से दूसरे घर की ओर जा रही थीं तभी गांव के महाकाल आश्रम के पुजारी चरणदास पुत्र सरजू उम्र करीब 60 वर्ष निवासी ग्राम ऊजरा, प्रसाद देने के बहाने उन्हें आश्रम के निर्माणाधीन मंदिर में ले गया और दरवाजा अंदर से बंद कर लिया। इसके बाद आरोपी पुजारी ने न केवल बच्चियों के साथ घनौनी हरकत की बल्कि एक बच्ची के गुप्तांग में दातों से बुरी तरह काटा, जिससे बच्ची को गंभीर चोट आई है। मंदिर से निकलकर घर जाने के बाद बच्चियों ने पूरी घटना परिजनों को बताई, जिसके बाद परिजन बच्चियों को साथ लेकर गढ़ीमलहरा थाना पहुंचे और पुजारी के विरुद्ध शिकायत दर्ज कराई। आरोप यह भी है कि जब बच्चियों ने अपने माता-पिता को घटना बताई और परिजन, पुजारी के पास गए तो उसके द्वारा परिजनों पर त्रिशूल से हमला भी किया गया। वहीं गांव के कुछ अन्य लोगों ने बताया कि यह तीसरी बार है जब पुजारी ने इस तरह की हरकत की है। इससे पहले दो बार शिकायतें सामने आईं और दोनों बाद पुजारी को समझाइश देकर छोड़ दिया था लेकिन इस बार पुजारी ने सारी हदें पार कर दी हैं।

### संवेदनशील मामले में स्वास्थ्य विभाग ने दिखाई लापरवाही, देरी से हुई जांच -

उल्लेखनीय है कि परिजनों द्वारा थाने में मामले की शिकायत किए जाने के बाद रात के वक्त ही पुलिस ने बच्चियों को मेडिकल जांच के लिए जिला अस्पताल भेजा था लेकिन संवेदनशील मामला होने के बावजूद स्वास्थ्य विभाग द्वारा लापरवाही की गई। शुक्रवार की रात से लेकर शनिवार की दोपहर 12:30 बजे तक पीड़ित बच्चियों की मेडिकल जांच नहीं हो सकी। जब मीडिया ने मामले में हस्ताक्षेप किया तब जाकर जिला अस्पताल के बच्चा वार्ड की इंचार्ज वर्षा चतुर्वेदी ने मामले को संज्ञान में लिया और डॉ. साक्षी गंगेले को जांच के लिए कहा। डॉ. गंगेले ने बताया कि बच्ची के साथ गलत कार्य करने का प्रयास किया गया है, एमएलसी हो चुकी है और इलाज जारी है, अब बच्ची स्वस्थ है।

### इनका कहना है -

शुक्रवार को घटना संज्ञान में आई थी, प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया गया है, संबंधित आरोपी को हिरासत में लिया गया है पूछताछ की जा रही है। आरोपी पर पहले से कोई अपराध दर्ज नहीं है।

**अमित मेश्राम, एसडीओपी, नौगांव**

आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता और पास्को एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। बच्चियों को मेडिकल जांच के लिए महिला पुलिस कर्मियों के साथ जिला अस्पताल भेजा गया। आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

**रीता सिंह, थाना प्रभारी, गढ़ीमलहरा**

## खबर संक्षेप

### महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय में पूर्व छात्र मिलन कार्यक्रम आज

छतरपुर। महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय (एमसीबीयू), छतरपुर में आज 6 जुलाई, रविवार को प्रातः 10 बजे से शाम 4:30 बजे तक पूर्व छात्र मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के कैंपस में होगा, जिसमें पूर्व छात्रों, गुरुजनों और अतिथियों का स्वागत और सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम की रूपरेखा के मुताबिक सुबह 10 से 11 बजे तक अतिथियों का आगमन और पंजीयन होगा। इसके बाद 11:30 बजे सरस्वती पूजन और राष्ट्रगान (जन-गण-मन) के साथ कार्यक्रम शुरू होगा। 11:35 बजे स्वागत उद्बोधन और 11:40 से 12 बजे तक पूज्य गुरुदेव डॉ. जे.पी. शाक्य, डॉ. सी.एम. शुक्ला सहित अन्य गुरुजनों का स्वागत और उद्बोधन होगा। दोपहर 12 से 2:55 तक सम्माननीय अतिथियों का आशीर्वचन होगा। इसके बाद 2:55 से 3 बजे मध्याह्न भोजन के लिए प्रस्थान होगा, और 3 से 4 बजे तक सामूहिक भोज का आयोजन किया जाएगा। शाम 4 से 4:25 तक समूह वार्ता होगी, और 4:30 बजे आभार प्रदर्शन व राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। आयोजक अमरदीप चौरसिया ने सभी पूर्व छात्रों से इस आयोजन में शामिल होने की अपील की है।

### विक्षिप्त युवक ने की सांड की सवारी, भीड़ ने बनाए वीडियो



छतरपुर। शहर के छत्रसाल चौक पर शनिवार सुबह एक अनोखा और खतरनाक नजारा देखने को मिला, जब एक मानसिक रूप से अस्वस्थ युवक ने सांड की सवारी शुरू कर दी। इस घटना से राहगीरों में हादसे का डर बना रहा, और चौक पर भीड़ जमा हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर के छत्रसाल चौक पर एक पागल युवक ने वहां घूम रहे एक बड़े सांड पर छलांग लगाकर सवारी शुरू कर दी। सांड ने पहले उसे गिराने की कोशिश की, लेकिन युवक ने सांड के कूबड़ को मजबूती से पकड़ लिया और घुड़सवार की तरह पैरों से सांड को हांकने लगा। कुछ देर बाद सांड ने विरोध छोड़ दिया और युवक के इशारों पर चौक में इधर-उधर घूमता रहा। इस विचित्र दृश्य को देखने के लिए चौक पर भीड़ लग गई, और कई लोग इसका वीडियो बनाने लगे। कुछ राहगीर सांड के मूड बिगडने और संभावित हादसे के डर से सहमे रहे। मॉर्निंग वॉक पर निकले डॉ. एस.पी. जैन ने स्थिति को भांपते हुए भीड़ को दूर रहने और सांड व युवक को परेशान न करने की सलाह दी। पूर्व वार्ड पार्षद सुनील वर्मा और जमादार मनोज वर्मा ने युवक को सांड से उतरने के लिए समझाने की कोशिश की, लेकिन वह नहीं माना। भक्ति भाव में हाथ जोड़कर राहगीरों का अभिवादन करते और कुछ बुदबुदाते हुए वह सांड की सवारी करता हुआ मेला ग्राउंड की ओर चला गया।

### अवैध हथियार के साथ अपराधी को दबोचा



लवकुशनगर। रात्रि पेट्रोलिंग के दौरान पुलिस ने महोबा रोड पर एक संदिग्ध व्यक्ति को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी अजय अंबे ने बताया कि बीती रात उन्हें महोबा रोड के जेल तिगड्डे के पास एक संदिग्ध व्यक्ति के अवैध हथियार रखने की सूचना मिली, जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की। संदिग्ध ने पुलिस को देखकर भागने की कोशिश की, लेकिन एसडीओपी नवीन दुबे, सहायक उप निरीक्षक जेपी बागरी, आरक्षक रमाकांत तिवारी, हृदेश नायक, देव सिंह, उमेश, उदय सिंह, नरेंद्र, कुलदीप, सूरज शर्मा, चांद खान, मंगल यादव और पंकज यादव की टीम ने उसे दबोच लिया।

# आयुष्मान योजना के तहत 90 वर्षीय वृद्ध का हुआ नि:शुल्क ऑपरेशन



### चिकित्सकों ने पेश की मानवता की मिसाल, मरीज पूर्णतः स्वस्थ

छतरपुर।

जिला अस्पताल में आयुष्मान भारत योजना के तहत एक 90 वर्षीय वृद्ध के कूल्हे का निःशुल्क ऑपरेशन कर मरीज को स्वस्थ किया गया। यह उपलब्धि न केवल चिकित्सा क्षेत्र में बल्कि मानवता के स्तर पर भी एक मिसाल बन रही है, जिससे बुंदेलखंड में जिला अस्पताल की सेवाओं की सराहना हो रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार छतरपुर शहर की अनगढ़ पहाडिय़ा निवासी हरिचरन रैकवार अंडे का ठेला लगाते हैं। हरिचरन ने बताया कि उनके 90 वर्षीय पिता गयादीन घर पर गिर गए थे, जिससे उनका कूल्हा टूट गया। निजी अस्पतालों में इलाज का खर्च डेढ़ लाख रुपये तक बताया गया, जो उनकी आर्थिक स्थिति के लिए असंभव था। हरिचरन ने जिला अस्पताल में डॉ. ओज दोसाज से संपर्क किया और अपनी स्थिति बताई। डॉ. दोसाज ने आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क ऑपरेशन का आश्वासन दिया। उनकी टीम ने 90 वर्ष की उम्र के बावजूद जटिल ऑपरेशन को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। डॉ. दोसाज ने बताया कि मरीज की अधिक उम्र के कारण ऑपरेशन चुनौतीपूर्ण था, लेकिन आयुष्मान योजना की मदद से यह निःशुल्क किया गया। अब गयादीन पूर्णतः स्वस्थ हैं। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत जिला अस्पताल में अन्य मरीजों का भी मुफ्त इलाज किया जा रहा है, जिससे गरीबों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल रही हैं।

# नैनागिरि जैन तीर्थ में फिर बड़ी चोरी

# दानपात्र से 2-3 लाख रुपये गायब





### चौबीसी जिनालय के ताले काटकर चोरों ने दिया वारदात को अंजाम, जैन समाज में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज, छतरपुर।

जिले के बक्सवाहा में बुंदेलखंड के प्रसिद्ध नैनागिरि जैन तीर्थ के चौबीसी जिनालय में शुक्रवार-शनिवार की रात चोरों ने बड़ी चोरी को अंजाम दिया। अज्ञात बदमाशों ने ग्राइंडर मशीन से ताले काटकर दानपात्र से 2 से 3 लाख रुपये की नगदी चुरा ली, जिससे जैन समाज और स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती रात करीब 2 से 3 बजे के बीच अज्ञात चोरों ने नैनागिरि जैन तीर्थ के चौबीसी जिनालय क्रमांक 40 में ग्राइंडर मशीन से दरवाजे और गुप्त भंडार के ताले काटकर प्रवेश किया। चोरों ने दानपात्र से 2 से 3 लाख रुपये की नगदी चुरा ली, जबकि जिनालय क्रमांक 37 का ताला तोडऩे की कोशिश नाकाम रही। ग्राइंडर की आवाज सुनकर तीर्थ के मैनेजर, सहायक मैनेजर और चौकीदारों ने तत्काल सक्रियता दिखाई और तुरंत हूटर बजाकर शोर मचाया, जिससे घबराकर चोर भाग गए। शनिवार को बक्सवाहा थाना प्रभारी सुनीता बिंदुआ, जिला पुलिस अधीक्षक अगम जैन और बड़ामलहरा एसडीओपी रोहित अलावा मौके पर पहुंचे। डॉग स्क्वॉड की मदद से जांच शुरू की गई। चोरों की गतिविधियां सीसीटीवी में कैद हो गईं। ट्रस्ट कमेटी के अध्यक्ष और रिटायर्ड आईएएस सुरेश जैन ने भोपाल में डीजीपी और मुख्य सचिव अनुराग जैन से मुलाकात कर सघन जांच की मांग की। भारतवर्षीय दिगंबर जैन तीर्थक्षेत्र कमेटी के संतोष कुमार जैन घड़ी ने भी अधिकारियों से त्वरित कार्रवाई का आग्रह किया। ट्रस्ट कमेटी के मंत्री राजेश जैन रागी ने अपराधियों की पुख्ता जानकारी देने वाले को 21 हजार रुपये का इनाम और नाम गोपनीय रखने का आश्वासन दिया। पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने बताया कि अलग-अलग टीमें गठित कर जांच शुरू की गई है और जल्द खुलासा होगा। उल्लेखनीय है कि 2012, 2016, 2021, 2022 और 2023 में भी नैनागिरि में चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं, जिससे यह आशंका जताई जा रही है कि तीर्थ की धार्मिक विरासत को निशाना बनाने की साजिश रची जा रही है।

# आर्मी कॉलेज परिसर में हुआ 5000 पौधों का रोपण

## पर्यावरण संरक्षण के लिए कर्नल विक्रम पनेरी की पहल

नौगांव।



शहर के आर्मी कॉलेज क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए 5000 पौधों का रोपण किया गया है। यह कार्यक्रम स्थानीय समुदाय और सेना के सहयोग से आयोजित हुआ, जिसका उद्देश्य क्षेत्र में हरियाली बढ़ाना और पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाना था।

आर्मी कॉलेज परिसर में कर्नल विक्रम पनेरी के नेतृत्व में आयोजित इस विशाल पौधारोपण कार्यक्रम में वृक्ष मित्र डॉ. राजेश अग्रवाल ने दो किश्तों में 5000 पौधे निःशुल्क उपलब्ध कराए। डॉ. अग्रवाल के साथ पूर्व सीएमओ और राष्ट्रीय चेतना मंच के संयोजक डी.डी. तिवारी, उपाध्यक्ष भगवान सिंह परमार और राकेश शर्मा ने सागौन, शीशम और कचनार के पौधे लगाए। सूबेदार मेजर अशोक कुमार ने पीपल का पौधा रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस आयोजन में 15 से अधिक जवानों ने पांच दिनों तक गड्ढे खोदने में श्रमदान किया। पौधों की सुरक्षा के लिए बांस की लकड़ी में हरी जालीदार पट्टी लपेटी गई। सूबेदार मेजर अशोक कुमार ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। डॉ. राजेश अग्रवाल ने आश्वासन दिया कि आर्मी कॉलेज की जरूरत के अनुसार भविष्य में भी पौधे उपलब्ध कराएंगे।



# सरकारी अस्पताल में डॉक्टरों की कमी से जनता परेशान

## युवाओं ने उठाई नियुक्ति की मांग, स्वास्थ्य मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**हरपालपुर**। नगर के सरकारी स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों और सुविधाओं की कमी के कारण मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय युवाओं ने इस समस्या को लेकर सतना में स्वास्थ्य मंत्री से मुलाकात कर अस्पताल की स्थिति सुधारने की मांग की है।मध्यप्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री व उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला से हरपालपुर के युवाओं ने मुलाकात की और उन्हें सरकारी अस्पताल की बदहाल स्थिति से अवगत कराया। भाजपा युवा नेता पिंटू तिवारी, मनीष यादव और प्रवीण मिश्रा ने ज्ञापन सौंपकर बताया कि हरपालपुर का एकमात्र सरकारी स्वास्थ्य केंद्र बदहाल है। स्थायी डॉक्टरों की कमी के कारण मरीजों को उपचार नहीं मिल पाता, खासकर रात के समय आपातकालीन मरीजों को इलाज के लिए भटकना पड़ता है। आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले मरीजों की संख्या अधिक होने के बावजूद स्टाफ की कमी और उपकरणों का अभाव स्थिति को और गंभीर बनाता है। विशेष रूप से महिला मरीजों के लिए महिला डॉक्टर की अनुपस्थिति एक बड़ी समस्या है, जिसके कारण वे अपनी स्वास्थ्य समस्याएं खुलकर नहीं बता पातीं। युवाओं ने स्वास्थ्य मंत्री से अस्पताल में स्थायी डॉक्टरों, विशेषकर महिला डॉक्टर की नियुक्ति और आवश्यक चिकित्सा उपकरणों की व्यवस्था करने की मांग की है ताकि स्वास्थ्य केंद्र की स्थिति सुधरे और मरीजों को बेहतर इलाज मिल सके।

# बागेश्वर धाम में गुरु पूर्णिमा महोत्सव के चौथे दिन उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब



छतरपुर।

सिद्ध तीर्थ स्थल बागेश्वर धाम में चल रहे गुरु पूर्णिमा महोत्सव के चौथे दिन शनिवार को भी देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु पहुंचे। धाम के पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने दिव्य प्रेतराज सरकार दरबार लगाया, सामूहिक अर्जी स्वीकार की, भभूति वितरण किया और श्रद्धालुओं को आशीर्वाद दिया।

उल्लेखनीय है कि बागेश्वर धाम में चल रहे गुरु पूर्णिमा महोत्सव के दौरान उत्साह का माहौल बना हुआ है। बीते रोज महाराजश्री के जन्मदिन पर देश-विदेश के श्रद्धालुओं की भारी भीड़ धाम पर देखने को मिली। शनिवार को आयोजित हुए प्रेतराज दरबार में महाराजश्री ने ने भक्तों की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान के लिए मार्गदर्शन किया। इस दौरान पंडाल भक्तों से खचाखच भरा रहा और जो श्रद्धालु महाराजश्री के जन्मदिन पर दर्शन नहीं कर पाए थे, उन्हें दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इसके साथ ही उन्होंने सभी की सामूहिक अर्जी बालाजी के चरणों में लगवाई। शाम के समय महाराजश्री ने भभूति के साथ भक्तों को आशीर्वाद दिया।

बलिया के रूपेश ने रेत से बनाया महाराजश्री का चित्र

नोटः समाचार के साथ फोटो क्रमांक 11 लगाएं।

बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के जन्मदिन के पर लोगों ने अलग-अलग अंदाज में उन्हें शुभकामनाएं दीं। उत्तर प्रदेश के बलिया के कलाकार और महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के पूर्व छात्र रूपेश सिंह ने अपनी छह सदस्यीय टीम के साथ धाम पर 200 वर्ग फीट की रेत की मूर्ति बनाकर अनोखा उपहार दिया। इस कलाकृति में बालाजी भगवान और बागेश्वर महाराज की मूर्तियां उकेरी गईं, जिसे बनाने में करीब 16 घंटे का समय लगा। रूपेश सिंह ने बताया कि वे पिछले 12 वर्षों से रेत की कलाकृतियों के माध्यम से समाज सेवा में योगदान देने वाले लोगों की मूर्तियां बना रहे हैं। इससे पहले उन्होंने प्रेमानंद जी, अनंत अंबानी, और अमेरिका के उपराष्ट्रपति के भारत दौरे के साथ ही महाकुंभ में शाही स्नानों के दौरान भी रेत की कलाकृतियां बनाई हैं। इस अनूठी रेत कलाकृति ने समारोह में चार चांद लगा दिए और इसे देखकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध होते नजर आए।



# विश्व हिंदू परिषद ने की शहर के तालाबों में ताजिया विसर्जन पर प्रतिबंध लगाने की मांग की

### एसडीएम और नगर पालिका को सौंपा ज्ञापन, हिंदू त्योहारों जैसे नियम लागू करने का आग्रह

छतरपुर।



शनिवार को विश्व हिंदू परिषद ने मोहर्रम पर्व के दौरान तालाबों में ताजिया विसर्जन पर प्रतिबंध लगाने की मांग को लेकर एसडीएम और नगर पालिका प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। विहिप ने हिंदू त्योहारों पर प्रतिमा विसर्जन के लिए लागू नियमों की तरह ही ताजिया विसर्जन के लिए भी नियम बनाने की मांग की है। विहिप के नगर अध्यक्ष बिपेंद्र अहिरवार ने कहा कि हिंदू त्योहारों के दौरान प्रतिमा विसर्जन पर तरह-तरह के नियम लागू कर हिंदुओं को परेशान किया जाता है। उन्होंने मांग की है कि अन्य धर्मों के पर्वों, विशेषकर मोहर्रम के दौरान ताजिया विसर्जन पर भी समान नियम लागू किए जाएं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि तालाबों में ताजिया विसर्जन हुआ, तो विहिप कार्यकर्ता स्वयं इसका विरोध करेंगे। ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला सह मंत्री जितेंद्र शर्मा, जिला सह संयोजक अभिलाष मिश्रा, गौ सेवा प्रमुख आनंद चतुर्वेदी, जिला सह सेवा प्रमुख गोलू जी, नगर अध्यक्ष बिपेंद्र अहिरवार, धर्म प्रचार नगर संयोजक शिवम सोनी और अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। वहीं एसडीएम अखिल राठौर ने बताया कि ज्ञापन प्राप्त कर लिया गया है और मांगों पर विचार कर उचित व्यवस्था बनाई जाएगी।

## खबर संक्षेप

### पिता की शराब खोरी और झगड़ों से तंग आकर 15 वर्षीय किशोरी ने छोड़ा घर

रीवा। जिले के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत एक बेहद संवेदनशील और चिंताजनक मामला सामने आया है। बताया गया कि एक 15 वर्षीय किशोरी अपने पिता की शराबखोरी और रोजाना घर में होने वाले झगड़े से परेशान होकर घर छोड़कर चली गई। यह घटना तब सामने आई जब मनगवां थाना क्षेत्र निवासी व्यक्ति अपनी बेटी की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराने बैकुंठपुर थाने पहुंचा। उसने बताया कि उसकी बेटी अपनी दादी के साथ बैकुंठपुर बाजार आई थी, जहां दादी धान का बीज खरीदने में व्यस्त थी, तभी किशोरी अचानक लापता हो गई। थाना प्रभारी जे.पी. पटेल के नेतृत्व में तुरंत कार्रवाई शुरू की गई। सायबर सेल रीवा की मदद से बच्ची की लोकेशन सतना रेलवे स्टेशन में ट्रेस की गई। इसके बाद सतना जी.आर.पी. की सहायता से पुलिस टीम ने किशोरी को सकुशल बरामद कर लिया। पूछताछ में किशोरी ने बताया कि उसके पिता रोज शराब पीते हैं, जिससे घर में अशांति बनी रहती है। बार-बार समझाने पर भी पिता नहीं मानते, जिससे आहत होकर उसने घर छोडने का निर्णय लिया। वह पहले बस से रीवा गई, फिर ट्रेन से सतना पहुंची। थाना प्रभारी ने कहा कि नशा एक सामाजिक अभिशाप है, जो न केवल परिवार को तोड़ता है, बल्कि बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य पर भी विपरीत असर डालता है।

### कमिश्नर करेंगे स्वास्थ्य तथा महिला बाल विकास विभाग की समीक्षा

रीवा । कमिश्नर बीएस जामोद 16 जुलाई को कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में स्वास्थ्य विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा करेंगे। बैठक सुबह 11 बजे आरंभ होगी। संबंधित अधिकारियों को अद्यतन जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

### कमिश्नर 14 जुलाई को करेंगे निर्माण कार्यों की समीक्षा

रीवा । कमिश्नर बीएस जामोद 14 जुलाई को सुबह 11 बजे से संभागीय बैठक में विभिन्न विभागों के निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करेंगे। बैठक कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित की गई है। बैठक में लोक निर्माण विभाग, पीआईयू तथा मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम के कार्यों की समीक्षा की जाएगी। बैठक में अति वर्षा तथा बाढ़ की स्थिति से निपटने की तैयारियों की भी समीक्षा की जाएगी। संबंधित अधिकारियों को बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

### एकल नल-जल योजनाओं से नल कनेक्शन का लक्ष्य दिसम्बर तक पूरा करें

रीवा । कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित संभागीय बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कार्यों की समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि एकल नल-जल योजनाओं का कार्य पूरा होते ही उन्हें ग्राम पंचायतों को हैण्डओवर करें। इन योजनाओं में जहाँ समूह नल-जल योजना से पानी मिलेगा वहाँ पर टंकी तथा पाइपलाइन का निर्माण पूरा कराकर पानी के वितरण की व्यवस्था सुनिश्चित करें। एकल नल-जल योजनाओं का निर्माण कार्य पूरा कराकर निर्धारित लक्ष्य अनुसार सभी घरों में दिसम्बर माह तक नल कनेक्शन अनिवार्य रूप से कराएं। नल-जल योजनाओं के निर्माण के लिए वर्ष 2019 में किए गए सर्वे में कई बसाहटों को छोड़ दिया गया। जिसके कारण अधिकांश गांवों की कार्ययोजना को रिवाइज किया जा रहा है। जिन अधिकारियों ने सर्वे कार्य में लापरवाही बरतकर बसाहटों को नल-जल योजना के लाभ से वंचित किया उन पर जिम्मेदारी तय की जाएगी। बैठक में कमिश्नर ने कहा कि रीवा जिले में 133, सतना जिले में 56, मऊगंज जिले में 125, सिंगरौली जिले में 116 तथा सीधी जिले में 132 गांवों की नल-जल योजनाओं को रिवाइज किया गया है। इनके टेण्डर तत्काल लगाकर कार्य शुरू कराएं। जो निर्माण एजेंसी कार्य में लापरवाही बरत रही है उसे ब्लैकलिस्टेड करने के साथ कार्य से हटाएं। नए टेण्डर में भी लापरवाह निर्माण एजेंसियों को अवसर न दें। पूर्ण नल-जल योजनाओं को हैण्डओवर करने की कार्यवाही करें। पुनरीक्षित कार्यों के टेण्डर की कार्यवाही सात दिवस में पूरी करें। बैठक में कार्यपालन यंत्री संजय पाण्डेय ने बताया कि जिन नल-जल योजनाओं में टंकी का निर्माण होना है उन्हें छः माह में और जिनमें टंकी का निर्माण नहीं होना है उनमें तीन माह में पूरा कर लिया जाएगा। सभी कार्यों के टेण्डर की तैयारी कर ली गई है। संभाग में वर्तमान में संचालित 1461 एकल नल-जल योजनाओं से 4 लाख 600 घरों में नल कनेक्शन का लक्ष्य रखा गया है। अब तक पूर्ण नल-जल योजनाओं से 3 लाख 6 हजार 626 नल कनेक्शन दिए जा चुके हैं। दिसम्बर माह तक शेष नल कनेक्शन का लक्ष्य पूरा हो जाएगा। बैठक में संयुक्त आयुक्त सुदेश मालवीय, संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी, कार्यपालन यंत्री सिंगरौली त्रिलोक सिंह बरकड़े, मेकेनिकल रीवा बीएल कनेल, मेकेनिकल सतना ज्योति तिवारी, कार्यपालन यंत्री सतना श्वेतांक तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# भू-माफियाओं का गढ़ बना रीवा, चर्चित 30 एकड़ भूमि फर्जीवाडे में ईओडब्लू ने दर्ज की एफआईआर

**मामला दर्ज होते ही मचा हड़कंप ,शिकायतकर्ता ने बदल दिया बयान**

रीवा

रीवा शहर के रतहरा स्थित 30 एकड़ भूमि जो कि काफी समय से रीवा शहर वासियों एवं मीडिया के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है, जिसमें मृत शख्स को ज़िंदा बताकर उसकी 30 एकड़ ज़मीन बेच दी गई जिसमें प्रशासनिक मिलीभगत भी सामने आई थी,अब पूरे मामले में शिकायत के बाद आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्लू) ने एफआईआर दर्ज कर ली है, मामले की जानकारी जैसे ही भू-माफिया को हुई तो शिकायतकर्ता ने ही अपने बयान पलट दिए। मिली जानकारी अनुसार बता दे उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद निवासी मांडवी सिंह और शिवेंद्र विक्रम सिंह ने ईओडब्लू को बताया कि उनके पिता स्व. शिवाजी सिंह ने 1972 में रीवा के ग्राम रतहरा में 30 एकड़ ज़मीन खरीदी थी। 2014 में उनका निधन हो गया लेकिन हैरान करने वाली बात यह है कि 2014 से 2024 के बीच उसी ज़मीन को 'जिंदा शिवाजी सिंह' के नाम से बार-बार बेचा गया। शिकायतकर्ताओं के मुताबिक, असल में यह फर्जीवाड़ा दिग्विजय सिंह नाम के व्यक्ति ने किया उसने खुद को शिवाजी सिंह बताकर आधार कार्ड, वोटर आईडी, यहां तक कि निवास प्रमाण पत्र बनवा लिया और सरकारी रिकॉर्ड में खुद को ज़िंदा घोषित कर दिया।बॉक्स फर्जी दस्तावेज़ों से राज खुला।आधार कार्डः जारी – 5 अगस्त 2020 वोटर आईडी जारी 31 मार्च 2016 निवास प्रमाण पत्रः पता 15/441, वार्ड 15, रीवा (जो 1947 में अस्तित्व में ही नही था) अब सवाल उठता है कि 1947 में जो पता था ही नहीं, वो दस्तावेजों में कैसे दर्ज हो गया? क्या अफसर सो रहे थे या जानबूझकर मुंह फेर लिया गया ? शिकायत में यह भी कहा गया कि जमीन की देखरेख के लिए 1999 में आलोक सिंह के नाम रजिस्टर्ड मुख्तारनामा भी




बना था, लेकिन फिर भी भूमाफिया ने उस पर कब्ज़ा कर लिया।बॉक्स भू-माफिया का खेल में रजिस्टर से लेकर राजस्व तक शामिल रीवा के इस भू-माफिया गैंग ने न केवल दस्तावेज तैयार कर लिए, बल्कि राजस्व विभाग, पंजीयन कार्यालय, स्थानीय पुलिस और नगर प्रशासन तक को मैनेज कर लिया। राजेंद्र सिंह राज नाम के व्यक्ति का नाम भी इस खेल में सामने आया है, जो कथित रूप से स्थानीय रसूखदारों से मिला हुआ है। सूत्र बताते हैं कि एक प्रभावशाली सत्ताधारी नेता का भी इसमें हाथ है, जिसने पूरे नेटवर्क को संरक्षण दिया। ईओडब्ल्यू ने अब तक की जांच में साफ पाया कि जमीन को अवैध तरीके से बेचा गया और शासन-प्रशासन की अनदेखी मिलीभगत से यह सब संभव हुआ।बॉक्स एफआईआर दर्ज, अगले ही दिन शिकायतकर्ता का पलटा बयानकूट रचित दस्तावेजों के आधार पर शासन प्रशासन की मदद से फर्जी तरीके से जमीन हड़पने वाले रीवा के भू- माफिया का प्रभाव कितना है आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ में मामला दर्ज होते ही शिकायतकर्ता स्व. शिवाजी सिंह के विधिक वारिस पुत्र शिवेंद्र विक्रम सिंह द्वारा उसके अगले ही दिन यानी 29.4. 2005 को आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ में एक शपथ पर प्रस्तुत किया जाता है जिसमें यह उल्लेख किया जाता है कि उक्त जमीन मेरे स्व. पिताजी की नहीं है रीवा के कुछ लोग मेरे पास आए मुझे पेपर दिखाए, जमीन के संबंध में सभी आवश्यक दस्तावेज दिए और यह कहा कि उक्त जमीन मेरे पिताजी स्व. शिवाजी सिंह की है मैं उनके बहकावे में आ गया उन लोगों ने मुझे भ्रमित किया, लालच में आकर मैंने उनसे उक्त जमीन का अनुबंध कर लिया, बाद में पता चला की जो लोग मेरे पास आए थे वह लोग जमीन की दलाली का काम करते हैं और अच्छे व्यक्ति नहीं है इन्होंने मुझे अंधेरे में रखकर फर्जी पेपर दिखाकर ऐसा कराया है, जबकि मेरे पिताजी ने अपने जीवन काल में मुझे कभी यह नहीं बताया था कि उनकी कोई जमीन रीवा म.प्र.में है। अब बडा सवाल यह उठता है कि शिकायत में दिए गए शपथ पत्र में शिवेंद्र विक्रम सिंह एवं मांडवी सिंह ने कई बातों का उल्लेख किया है जिसमें उन्होंने स्पष्ट लिखा है कि मैंने अपने रिश्तेदार को जमीन की देखरेख हेतु मुख्तारनामा दिया है, उक्त जमीन के कई मामले राजस्व न्यायालय एवं जिला न्यायालय में भी चल रहे थे इन लोगों ने पूर्व में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर भी इस संबंध में जानकारी दी थी, उनके वकील ने कई बार मीडिया को यह सब जानकारी दिया, इतना सब होने के बाद अचानक से शिकायत दर्ज होते ही शपथ पत्र प्रस्तुत करना यह स्पष्ट दर्शाता है कि शिवेंद्र विक्रम पर किस तरह भू-माफिया का दबाव है। बता दे कूट रचित दस्तावेजों के आधार पर शासन प्रशासन कि मिलीभगत से मृत व्यक्ति को जिंदा दिखाकर जमीन हड़पने वाले भूमाफियाओं के ऊपर एक सत्ताधारी नेता का हाथ है, राजस्व विभाग पंजीयन विभाग, सभी जगह इन्होंने अपने प्रभाव और पैसे के दम पर जो चाहा वह करा लिया। जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन पर इनका इतना दबाव था कि शिकायतकर्ता कई सालों से चक्कर लगा रहे थे उनकी सुनवाई नहीं हुई जबकि राजस्व प्रकरण में मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव के स्पष्ट निर्देश हैं कि शीघ्र निराकरण किया जाए यह तो आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ ने मामले की गंभीरता को समझ कर मामला पंजीबद्ध किया।बॉक्स गेंद आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ के पाले मेंआर्थिक अपराध प्रकोष्ठ ने शिकायत में प्राप्त दस्तावेजों एवं शिकायतकर्ता के लिखित बयानों के आधार पर मामला पंजीबद्ध किया है। विभागों को पत्र जारी कर उपरोक्त खसरा नंबरो की जमीन की खरीदी बिक्री पर लोग रोक लगा दिया था,अन्य संबंधित विभागों को पत्र जारी कर जरूरी दस्तावेजों की जानकारी मांगी गई है। आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ की सक्रियता को देखते हुए यह लगने लगा था कि इस फर्जी भू-माफिया के साथ-साथ शासन प्रशासन के कई अन्य कर्मचारियों,अधिकारियों के कारनामे सामने आ जाएंगे इस कारण शिवेंद्र विक्रम के द्वारा शपथ पत्र प्रस्तुत कर ऐसा किया गया।बॉक्समुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक तक पहुंचा मामला बता दे इस हाई प्रोफाइल फर्जीवाड़ा की जानकारी प्रदेश के मुख्य सचिव एवं पुलिस महानिदेशक को भी है। ऐसा समझ में आ रहा है कि आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ उपरोक्त मामले की जांच निष्पक्ष रूप से करेगा और जो भी इसमें शामिल है वह चेहरे बेनकाब होंगे विभाग को झूठी जानकारी देना और विभाग को जो कि एक जांच एजेंसी है इस तरह गुमराह करना भी अपराध की श्रेणी में आता है विभाग इस पर भी नजर रखे हुए हैं और आगे आने वाले समय में उन पर भी कार्यवाही होने की संभावना व्यक्त की जा रही है।

## हर घर में नल से जल पहुंचाने का लक्ष्य तय समय सीमा में पूरा करें



रीवा। कमिश्नर बीएस जामोद ने कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित संभागीय समीक्षा बैठक में जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि हर घर में नल से जल पहुंचाने की प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना के निर्माण कार्य तेजी से पूरा कराएं। निर्माण एजेंसियों के कार्यों की प्रगति की नियमित रिपोर्ट दें। पाइपलाइन बिछाने के कार्य की हर सप्ताह रिपोर्ट प्रस्तुत करें। निर्धारित समय सीमा के अनुसार कार्यों की प्रगति धीमी है। संभाग के पाँच जिलों को पेयजल की आपूर्ति करने वाली बाणसागर बांध पर आधारित तीन बड़ी समूह नल-जल योजनाओं का कार्य तेजी से करें। इन सबका कार्य इस वर्ष मार्च माह तक पूरा हो रहा था। इन्हें एक वर्ष का अतिरिक्त समय दिया गया है। समूह नल-जल योजनाओं के बड़े निर्माण कार्य दिसम्बर माह तक अनिवार्य रूप से पूरा कराएं। निर्माण कार्य में किसी भी तरह की बाधा आने पर तत्काल अवगत कराएं। कमिश्नर ने कहा कि जल जीवन मिशन से हर घर में नल से जल पहुंचाना हम सबकी जिम्मेदारी है। इससे जुड़े निर्माण कार्य तय समय सीमा में पूरा कराएं। घरों में नल कनेक्शन की प्रगति की भी हर सप्ताह रिपोर्ट प्रस्तुत करें। जिन गांवों में पानी की आपूर्ति की जा रही है वहाँ निर्धारित की गई जल कर की राशि भी ग्राम पंचायत के सहयोग से एकत्रित करें। इन गांवों में भी जल उपभोक्ताओं से सतत संवाद रखें। पानी की आपूर्ति के संबंध में किसी भी तरह की शिकायत मिलने पर उसे तत्काल दूर कराएं। समूह नल-जल योजनाओं के कार्यों में सहयोग के लिए स्वयंसेवी संस्थाओं की भी सेवाएं ली जा रही हैं। इनके माध्यम से लोगों को नल-जल योजनाओं के संचालन, संधारण, जल कर की वसूली आदि के संबंध में जागरूक करें। नल-जल योजना के पानी का दुरूपयोग भी नहीं होना चाहिए। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि सतना बाणसागर तथा सीधी बाणसागर समूह नल-जल योजना में जल शोधन संयंत्र का कार्य 15 सितम्बर तक पूरा कराएं। कंदैला समूह नल-जल योजना में पेयजल की आपूर्ति के साथ नल-जल योजना ग्राम पंचायतों को हैण्डओवर करें। सीधी गुलाबसागर समूह नल-जल योजना से 323 गांवों में पेयजल की आपूर्ति होगी। इसमें संजय टाईगर रिजर्व के क्षेत्र में वन विभाग से अनुमति प्राप्त होने के बाद कार्य होगा लेकिन शेष क्षेत्र में तेजी से कार्य कराएं। इससे जुड़े सभी निर्माण कार्य जनवरी 2026 तक अनिवार्य रूप से पूरा करें। बैठक में कमिश्नर ने सिंगरौली जिले की गोड़-देवसर समूह नल-जल योजना, सतना बाणसागर एक और बाणसागर दो समूह नल-जल योजना तथा रीवा बाणसागर समूह नल-जल योजना की बिन्दुवार समीक्षा की। कमिश्नर ने आगामी समीक्षा बैठक में निर्माण एजेंसियों को भी उपस्थित कराने के निर्देश दिए। बैठक में पाइपलाइन बिछाने, टंकियों के निर्माण, डब्ल्यूटीपी निर्माण तथा इंटेक वेल निर्माण की समीक्षा की गई। बैठक में संयुक्त आयुक्त सुदेश मालवीय, संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी, जल जीवन मिशन के जिला प्रबंधक रीवा चित्रांशु, जिला प्रबंधक सीधी नीरव अग्रवाल, जिला प्रबंधक सतना विवेक कुमार, जिला प्रबंधक सिंगरौली पंकज बाधवानी, सहायक प्रबंधक नीतेश सिंह तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला ने खंधों देवी मंदिर में दर्शन पूजन किया

**जिपं सदस्य संजीव द्विवेदी ने विभिन्न मांगों का पत्र सौंपा**



रीवा। मध्यप्रदेश शासन के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला ने कथावाचक बाला वेंकटेश महाराज, पूर्व विधायक श्यामलाल द्विवेदी, जिपं सदस्य संजीव द्विवेदी पिंटू एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ गोविन्दगढ़ स्थित माँ खंधों मंदिर में दर्शन,पूजन किया । स्थानीय जिला पंचायत सदस्य एवं वन स्थाई समिति रीवा के सभापति, प्रतिनिधि संजीव द्विवेदी पिंटू ने अपने समिति के साथियों के साथ माँ खंधों देवी की प्रतिमा देकर उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला सहित अन्य जनप्रतिनिधियों का स्वागत,अभिनंदन किया और खंधों परिसर में निर्माणाधीन विकास कार्यों की जानकारी देकर विभिन्न मांगों का पत्र सौंपा। श्री शुक्ल ने हजारों क्षेत्रीय जनों के आस्था और विश्वास के केंद्र माँ खंधों परिसर में का अवलोकन कर विकास कार्यों में हरसंभव मदद हेतु आश्वस्त किया ।

## थाना अमहिया पुलिस की कार्यवाही पुलिस ने पैसे की हार जीत की बाजी लगाकर जुआं खेलने वाले आरोपियों के विरुद्ध की कार्यवाही

रीवा

पुलिस अधीक्षक रीवा विवेक सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आरती सिंह के निर्देशन में तथा नगर पुलिस अधीक्षक डा. रितु उपाध्याय के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी अमहिया उनि शिवा अग्रवाल ने थाना स्टाफ के साथ मिलकर पैसे की हार जीत की बाजी लगाकर जुआं खेलने वाले वाले आरोपियों के विरुद्ध की कार्यवाही ।दिनांक 04.07.25 को मुखबिर सूचना दी गई कि अर्जुन नगर तिराहा के पास खाली मैदान पर कुछ व्यक्ति तास के पत्ते से हार जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे है सूचना पर स्टाफ के साथ दबिस दी जाकर मौके से आरोपीगण दिलीप कुशवाहा पिता अशोक कुशवाहा उम्र 28 वर्ष निवासी बीरापुर थाना सोराव जिला मिर्जापुर उत्तर प्रदेश हाल खुटेही रीवा, रतन नामदेव पिता रमेश नामदेव उम्र 38 वर्ष निवासी तरहटी जिला रीवा , जगदीश सोधिया पिता स्व.श्याम सुंदर सोधिया उम्र 45 वर्ष निवासी पीटीएस चौराहा रीवा , दुर्गेश नामदेव पिता राजेन्द्र नामदेव उम्र 32 वर्ष निवासी तरहटी रीवा को पकडकर कब्जे से नगदी 7100 रु एवं 52 तास के पत्ते जप्त कर धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। उनि शिवा अग्रवाल, प्र.आर. रामसखा,आर. विकाश तिवारी, आर. शंकरदत्त, आर. कौशलेंद्र सिंह, आर. विवेक सिंह की सराहनीय भूमिका रही।

## अवैध पिस्टल से फायरिंग कर बनाया इंस्टा रील, सोशल मीडिया पर वायरल की वीडियो, पुलिस अधीक्षक के निर्देश के बाद पुलिस ने शुरू की जांच

रीवा। शहर में सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो ने कानून-व्यवस्था को लेकर चिंता बढ़ा दी है। वीडियो में एक युवक खुले स्थान पर अवैध हथियार से फायरिंग करता नजर आ रहा है। यह वीडियो इंस्टाग्राम पर अपलोड किया गया, जिसके बाद जिले में पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। पुलिस अधीक्षक ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल जांच के आदेश दिए हैं और आरोपी की पहचान कर उसे पकड़ने के निर्देश दिए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मोहित तमंचा नाम की इंस्टाग्राम आईडी से दो वीडियो शेयर किए गए हैं। एक वीडियो में युवक तालाब किनारे अपने दोस्तों के साथ अवैध पिस्टल लहराता और उसे कॉक करता दिखाई दे रहा है, जबकि दूसरे वीडियो में खुले बोरवेल के पास फायरिंग करते हुए युवक का चेहरा स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। बैकग्राउंड में रीवा शहर' बोल्ड अक्षरों में लिखा हुआ भी नजर आ रहा है।वीडियो रतहरा क्षेत्र के आसपास का बताया जा रहा है, हालांकि स्थान की पुष्टि जांच के बाद ही की जाएगी। युवकों की पहचान के प्रयास तेज कर दिए गए हैं। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया है कि इस प्रकार के स्टंट कर समाज में डर और दहशत फैलाने की कोशिश करने वालों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया के जरिए 'गैंगस्टर इमेज' बनाने की प्रवृत्ति को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।बॉक्स आधा दर्जन युवकों ने रेल के इंजन के सामने बनाया वीडियो, वायरलरीवा रेलवे स्टेशन के आसपास पटरियों पर भी कुछ युवक रील बनाने से नहीं चूक रहे। ट्रेन के इंजन में चढ़कर कुछ युवक वीडियो बनाकर उसे सोशल मीडिया में वायरल किए है, कुछ इंजन के ऊपर चढ़े है तो कुछ सामने खड़े है, जिसमे वो अपनी धौस दिखाते हुए सोशल मीडिया में पापुलर होने का प्रयास किए है, जिसके बाद जीआरपी और आरपीएफ ने इस ओर सख्ती बढ़ा दी है।



## साइबर ठगों से तंग आकर बुजुर्ग ने खुद को मारी गोली

रीवा। जिले से एक दिल दहला देने वाली खबर सामने आई है, जहां साइबर ठगी और मानसिक प्रताड़ना से तंग आकर 65 वर्षीय बुजुर्ग सरोज दुबे ने खुद की लाइसेंसी बंदूक से गोली मारकर आत्महत्या कर ली।यह घटना शुक्रवार शाम शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत उनके पुश्तैनी मकान में हुई। परिजनों के अनुसार, सरोज दुबे साइबर ठगों के जाल में फंस चुके थे। उन्होंने करीब 37,770 की रकम अपने मित्रों और रिश्तेदारों से उधार लेकर ठगों के कहने पर ट्रांसफर की, लेकिन इसके बाद भी उन्हें धमकियों और ब्लैकमेलिंग का सिलसिला झेलना पड़ा। मृतक के दामाद उमेश गुप्ता उर्फ गुड्डू ने बताया कि ठग कभी खुद को पुलिस अधिकारी, तो कभी सरकारी अफसर बताकर व्हाट्सएप कॉल और मैसेज के जरिए सरोज दुबे को डराते रहे। उन्होंने ससुर को थाने में शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी थी, लेकिन मानसिक दबाव इतना बढ़ गया कि वे यह कदम उठा बैठे।बॉक्स पिता रहे हैं तहसीलदार, उसी बंदूक से दी जानसरोज दुबे के पिता मुन्नीलाल दुबे तहसीलदार के पद से सेवानिवृत्त हुए थे। उनके निधन के बाद सरोज ने उनकी लाइसेंसी 12 बोर की बंदूक अपने नाम कराई थी, उसी हथियार से उन्होंने खुद को गोली मारी। घटना की सूचना मिलते ही सिटी कोतवाली पुलिस और एफएसएल टीम मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी श्रंगेश राजपूत ने बताया कि घटनास्थल से सबूत जुटाए जा रहे हैं और परिजनों के बयान लिए जा रहे हैं। जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## जिले में अब तक 155.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज

रीवा । जिले में एक जून से अब तक 155.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। इस संबंध में अधीक्षक भू-अभिलेख महेन्द्र श्रीवास्तव ने बताया कि अब तक तहसील हुजूर में 171.6 मिलीमीटर, रायपुर कर्चुलियान में 120.5 मिलीमीटर, गुढ़ में 234 मिलीमीटर, सिरमौर में 216.2 मिलीमीटर, त्योंथर में 67 मिलीमीटर, सेमरिया में 171 मिलीमीटर, मनगवां में 146 मिलीमीटर तथा जवा में 117 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज गयी। गतवर्ष इसी अवधि में जिले में 76.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गयी थी।05/07/2025, 8:35**pm** - गुड्डू निगम रीवाः डॉ. मुखर्जी की जयंती पर जिले के सभी मंडलों में होंगे कार्यक्रम रीवा। भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की जयंती 6 जुलाई को रीवा जिले के सभी मंडलों में गरिमा के साथ मनायी जायेगी। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता एवं पार्टी के नेता गण दोपहर 1.बजे भाजपा कार्यालय अटल कुंज रीवा में डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्रपर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। मंडल मुख्यालय में कार्यकर्ता डॉ. मुखर्जी का पुण्य स्मरण कर उनके चित्र पर माल्यार्पण करेंगे। साथ ही रचनात्मक कार्यक्रम, किए जाएंगे भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता ने सभी कार्यकर्ताओं से मंडल एवं जिला मुख्यालय में कार्यक्रम में सहभागी होने की अपील की।

# जिम्मेदार विभाग की अनदेखी से व्यापारी मनमानी दाम पर बिक्री कर रहे हैं बीज

**कृषि विभाग में नहीं पहुंचा बीज किसान परेशान व्यापारियों के हाथों लुट रहे किसान**

मऊगंज

जिले मे खरीफ मौसम की फसल बोनी के ऐन वक्त पर कृषि विभाग में जहां अरहर मूंग तिल जैसी प्रमुख फसल का बीज आज तक नहीं पहुंचा। वही जो धान उड़द का जो बीज आया तो अधिकतर किसानों को पता नहीं चल पाया। जिले के कृषि विभाग में बोनी के ऐन वक्त पर बीज नही मिल रहा है जिले के मऊगंज हनुमना नईगढ़ी विकासखंड क्षेत्रों के किसान दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं। बीज न मिलने से क्षेत्र के किसानों को मजबूरी में व्यापारियों के हाथ लुटना पड़ रहा है। किसानों के पास सबसे बड़ी मुसीबत यह सामने आ रही है कि किसी भी व्यापारी द्वारा अपने दुकानों में किसी भी किस्म के बीज के गुणवत्ता की न तो गारंटी ली जा रही और ना ही निर्धारित रेट सूची लगाई गई है। कृषि विभाग की अनदेखी एवं आदेश के बाद भी जांच एवं कार्यवाही न होने एवं बीज का मूल्य निर्धारण न होने के कारण दुकानदार मनमानी रेट पर बीज बिक्री कर रहे हैं। जिले के किसानों के सामने सबसे बड़ी विडंबना यह है कि विभाग के उच्च अधिकारियों एवं विकासखंड स्तरीय अधिकारियों द्वारा ब्लॉक स्तर पर आज तक ना तो पर्याप्त मात्रा में बीज उपलब्ध कराया और ना ही किसानों से मनमानी लूट कर रहे बीज विक्रेताओं पर किसी प्रकार की जांच एवं कार्यवाही की गई जिसके कारण क्षेत्र का किसान व्यापारियों के हाथ खुलेआम ठगा जा रहा है। कृषि विभाग के विभागीय सूत्रों की माने तो फिलहाल कृषि कार्यालय में धान एवं उड़द जैसे अल्प मात्रा में बीज आये थे वो भी विभाग के अधिकारी/कर्मचारी अपने परिचितो को विगत वर्षो की तरह बाट दिया गया है अगर जांच कराई जाए तो विगत वर्षो से अभी तक सिर्फ गिने चुने लोगो को ही बीज दिया जाता है जिससे किसानों के लिए नाकाफी साबित हो रहा है।

### किसानों ने लगाया आरोप

किसानों का आरोप है कि विभाग द्वारा बीज सिर्फ रसूखदारों को ही मुहैया कराया जा रहा है। क्षेत्रीय किसानों की माने तो कृषि कल्याण विभाग की परंपरा सी बन गई है जब किसानों को फसल बोने का समय होता है तब विभाग द्वारा पर्याप्त मात्रा में बीज प्रदाय नहीं किया जाता और जब बोनी का समय समाप्त हो जाता है तब कृषि विभाग में बीज पहुंचता है और वह बीच स्थानीय स्तर के कर्मचारियों तक सीमित रह जाता है। इधर समय पर बीज न मिलने से परेशान किसान दोगुना से अधिक महंगे दाम पर व्यापारियों के दुकानों में बीज खरीद कर अपने खेतों की बोनी कर रहे हैं। वर्तमान खरीफ फसल बोनी का जुलाई महीना चल रहा है इस समय किसानों को बीज की अति आवश्यकता है उस समय कृषि विभाग के जिम्मेदारों द्वारा अपनी जिम्मेदारी ना निभाये जाने से परेशान अन्नदाताओं में आक्रोश का माहौल निर्मित है। कृषि विभाग में बीज न मिलने और व्यापारियों द्वारा निर्धारित रेट सूची न लगाए जाने एवं मनमानी रेट पर बीज बिक्री किए जाने से परेशान किसानों ने कहा कि मोहन सरकार किसान हितैषी बनती है और विभागीय अमला हम किसानों को बीज उपलब्ध नहीं कराता और खाद बीज दुकानों में हर बीज के मूल्य निर्धारण की द्वारा रेट सूची नहीं लगाई जाती तो मजबूरन लामबंद होकर किसान अपने अधिकार के लिए सड़कों पर उतरने को मजबूर हो रहे है।



### बीज के शुद्धता की नहीं दी जाती गारंटी

जिले के मऊगंज हनुमना नईगढ़ी कृषि विभाग में खरीफ मौसम की बोनी हेतु पर्याप्त बीज उपलब्ध न होने से खाद बीज विक्रेता पूर्णरूपेण मनमानी पर उतारू है। आलम यह है कि एक तो व्यापारी महंगे दाम पर बीज की बिक्री करते हैं दूसरे किसी भी बीज के क्रेता किसान को बेची गई सामग्री का बिल नहीं देते।साथ ही व्यापारियों द्वारा बीज के शुद्धता की गारंटी नहीं ली जाती।अक्सर देखने में आता है कि व्यापारियों द्वारा बिक्री किया गया बीज घटिया स्तर का होता है इस हालत में यदि क्षेत्र का किसान व्यापारी के पास अपनी समस्या सुनाता है तो व्यापारी सीधे मुकर जाता है क्योंकि किसान के पास बीज खरीदने का बिल नहीं होता। इस हालत में परेशान किसान ऐसे व्यापारियों की शिकायत भी नहीं कर पाता। ऐसा भी नहीं की ऐसी परेशानियों से परेशान किसानों द्वारा विभागीय आला अधिकारियों किसी सुनवाई नही की जाती किसानों की समस्या विभाग के जिम्मेदार अधिकारी सुनते ही नहीं है। जिससे साफ तौर से जाहिर होता है कि कहीं ना कहीं व्यापारियों एवं अधिकारियो की मिलीभगत मालूम पड़ता है इसके चलते किसानों के शिकायत पर दुकानदारों को उपकृत करते हुए जिम्मेदारों द्वारा सीधे तौर से अन्नदाताओं की शिकायत को दबा दिया जाता है।

### निरीक्षण के नाम पर खानापूर्ति

जिले के मऊगंज हनुमना नईगढ़ी विकास खंडों में अधिकतर विधि विरुद्ध खाद बीज की दुकानें संचालित है। जमीनी हकीकत देखी जाए तो स्थिति कुछ इस कदर है कि एक दुकान के लाइसेंस पर दुकानदार कई दुकानें संचालित कर रहे हैं। वैसे तो इन दुकानों में बिकने वाले खाद बीज के गुणवत्ता एवं उपलब्ध स्टॉक बिक्री आदि के निरीक्षण हेतु ब्लॉक से लेकर जिले स्तर में निरीक्षण दल बनाया गया है। लेकिन यह निरीक्षण दल कभी भी खाद बीज विक्रेताओं के दुकान की जांच परख नहीं करता। यदि जिम्मेदार निरीक्षण टीम द्वारा जांच की भी जाती है तो महज कागजों तक ही सीमित रह जाती है। अधिकारियों द्वारा नियमानुसार निरीक्षण नही करने से जहां शासकीय वाहन प्रयोग के नाम पर डीजल खर्च आदि का फर्जी बिल वाउचर लगाकर राशि आहरित कर ली जाती है वही बिना समय एवं मेहनत लगाए शहरों में बैठकर कर्मचारी अधिकारी शासन की योजना को पलीता लगाने में मशगूल है।

### इन्होंने कहा

वर्तमान समय में जिले के सभी विकास खण्डों में धान एवं उड़द का बीच उपलब्ध है। मूंग अरहर तिल एवं अन्य बीज अभी नहीं प्राप्त हुए है। बीज आने के बाद किसानों को उपलब्ध कराया जाएगा।

**रवि सिंह बघेल**
एसडीओ कृषि मऊगंज

## कलेक्टर ने अवैध खनन में 10 करोड़ का लगाया जुर्माना

मऊगंज



जिले में अवैध खनन के मामले में ग्राम हर्रहा में अनाधिकृत पत्थर उत्खनन के मामले मे लीज धारक कृष्ण कुमार सिंह पर 10 करोड़ 8 लाख रुपए का जुर्माना कलेक्टर संजय कुमार जैन ने लगाया है अवैध उत्खनन की लगातार शिकायत मिलने पर कलेक्टर ने राजस्व और खनिज विभाग की संयुक्त जांच दल गठित किया था जिसमें जांच दल की रिपोर्ट में पाया गया की लीज धारक ने स्वीकृत क्षेत्र से बाहर जाकर कदु आमन बांध के जल डूब क्षेत्र में खनन किया है लीज धारक द्वारा खसरा नंबर 7/1 में लगभग 67.200 घन मीटर में पत्थर का अवैध उत्खनन किया है एनजीटी ने इस क्षेत्र को प्रतिबंधित घोषित किया है यहां खनन पूर्णता निश्चित है जांच दल को खनन स्थल पर कई कमियां मिलीं हैं जिसमें सुरक्षा व्यवस्था का ना होना साइन बोर्ड का ना होना और फेंसिंग की कोई व्यवस्था नहीं मिली ब्लास्टिंग के लिए आवश्यक अनुमति भी नहीं ली गई थी कलेक्टर ने रॉयल्टी चोरी के लिए अर्थदंड 5.04 करोड रुपए और पर्यावरण क्षतिपूर्ति के लिए 504 करोड रुपए सहित कुल 1008 करोड रुपए का जुर्माना लगाया है यह राशि 15 दिवस में जमा करने को निर्देशित किया गया है।*जुर्माना नहीं भरने पर होगी कार्यवाही* कलेक्टर संजय जैन ने बताया कि एनजीटी और पर्यावरण के दिशा निर्देशों की अनदेखी करने वालों पर कार्रवाई जारी रहेगी और समय पर जुर्माना राशि जमा नही करने पर मध्य प्रदेश खनिज नियम 2022 की धारा 18(5) के तहत कार्यवाही की जाएगी।